# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–21.08.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **संसद से ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक पारित, देश समेत राज्य के युवाओं ने विधेयक पारित होने पर सरकार का जताया आभार।**
2. **केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड को दी बड़ी सौगात, हजारों करोड़ की सड़कों और नए रिवर फ्रंट परियोजनाओं की घोषणा की।**
3. **केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा से की मुलाकात, रिम्स रांची में जनसंख्या अनुसंधान केंद्र खोलने का किया आग्रह।**
4. **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची में स्वर्णिम भारत एक्सपो 2025 का किया उद्घाटन, वोकल फॉर लोकल और विकसित भारत 2047 जैसे लक्ष्यों पर दिया जोर।**
5. **हॉकी इंडिया ने महिला एशिया कप के लिए भारतीय टीम की घोषित, झारखंड की सलीमा टेटे समेत चार खिलाड़ी शामिल।**

*******************

संसद ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 पारित कर दिया है। इस विधेयक को आज राज्यसभा ने मंजूरी दे दी। यह विधेयक ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करने, साथ ही हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं, विज्ञापनों और उनसे संबंधित वित्तीय लेनदेन पर प्रतिबंध लगाने के बारे में है। विधेयक का उद्देश्य व्यक्तियों, विशेषकर युवाओं और कमजोर वर्ग को ऐसे खेलों के प्रतिकूल सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक और गोपनीयता संबंधी प्रभावों से बचाना है।

*******************

ऑनलाइन गेमिंग बिल दोनों सदनों से पारित होने पर हजारीबाग सीएम एक्सीलेंस स्कूल के शिक्षकों और छात्रों ने सरकार का आभार जताया। प्रभारी प्राचार्य निकिता कुमारी ने कहा कि यह कदम छात्रों और अभिभावकों दोनों के हित में है और इससे बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं होगी।

इधर गिरिडीह के युवाओं ने भी भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन गेमिंग पर रोक लगाने के कदम का स्वागत किया है। उन्होंने इसे मोदी सरकार द्वारा उठाया गया सराहनीय कदम बताया।

*******************

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं, जिनसे राज्य में सड़क और हाईवे नेटवर्क का विस्तार होगा। उन्होंने महगामा से एकचारी तक 1500 करोड़ रुपए, देवघर से हंसडिहा तक 1700 करोड़ रुपए और देवघर से मधुपुर तक 2500 करोड़ रूपये की लागत से फोर लेन सड़कों के निर्माण की घोषणा की। नए नेशनल हाईवे परियोजनाओं में मधुपुर–जामताड़ा (भाया मरगोमुंडा), बाराहाट–कहलगांव और गोड्डा–ढाकामोड़ को जोड़ा जाएगा। इसके अलावा गोड्डा में कझिया रिवर फ्रंट और देवघर में ढ़डवा रिवर फ्रंट विकसित किए जाएंगे, जिससे धार्मिक और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा।

*******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा से मुलाकात की। उन्होंने रांची स्थित रिम्स में जनसंख्या अनुसंधान केंद्र खोलने के लिए आग्रह पत्र सौंपा और इसके महत्व से अवगत कराया। श्री सेठ ने बताया कि रिम्स में झारखंड सहित कई राज्यों से लाखों लोग इलाज के लिए आते हैं, लेकिन स्वास्थ्य, मातृ–शिशु मृत्यु दर और जनसंख्या वृद्धि जैसे विषयों पर शोध की सुविधा का अभाव है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने आश्वासन दिया कि इस दिशा में सार्थक कदम उठाए जाएंगे।

*******************

आकाशवाणी रांची के प्रादेशिक समाचार एकांश में आकस्मिक प्रसारण सहायक का पैनल बनाने के लिए आवेदन–पत्र आमंत्रित किया गया है। इस संदर्भ में योग्य उम्मीदवार आकाशवाणी के वेबसाईट newsonair.gov.in और prasarbharati.gov.in के Vacancies सेक्शन और प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल @airnews_ranchi से प्रकाशित विज्ञापन डाउनलोड कर सकते हैं। योग्य उम्मीदवार अपना आवेदन 10 सितंबर 2025 तक उप महानिदेशक सह कार्यालय प्रमुख, आकाशवाणी, रातू रोड, रांची, पिन कोड–834001 के पते पर स्पीड पोस्ट से भेज सकते हैं।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित मेगा प्रदर्शनी "स्वर्णिम भारत एक्सपो–2025" का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस एक्सपो में कृषि, विज्ञान–प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, स्वास्थ्य, हस्तशिल्प और पर्यटन जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, जो नए भारत की प्रगति की दिशा तय कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन "वोकल फॉर लोकल" की भावना को आगे बढ़ाने वाला है और विकसित भारत 2047 के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका रहेगी।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे झारखंड के राज्यपाल रह चुके हैं तथा सभी लोग उनसे परिचित हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उपराष्ट्रपति पद के लिए लोग सीपी राधाकृष्णन को ही चुनेंगे।

*******************

धनबाद जिले में सरकारी कर्मियों की बायोमेट्रिक हाजिरी को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन ने सख्ती दिखाई है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

मौसम विभाग ने कल रांची समेत 13 जिलों में कहीं–कहीं भारी वर्षा होने की संभावना जताई है। साथ ही राज्य के अधिकांश स्थानों पर गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की चेतावनी दी गई है और तेज हवाएं चलने और वज्रपात की आशंका भी व्यक्त की गई है। मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने और मौसम अलर्ट का पालन करने की अपील की है।

*******************

हॉकी इंडिया ने चीन के हांग्जो में 5 से 14 सितंबर तक होने वाले महिला एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा की है। इस टीम में झारखंड की चार खिलाड़ी शामिल हैं–कप्तान सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और ब्यूटी डुंगडुंग सिमडेगा जिले से हैं, जबकि निक्की प्रधान खूंटी जिले की हैं। भारत को पूल बी में रखा गया है। वह अपने अभियान की शुरुआत 5 सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी, जबकि 6 सितंबर को जापान और 8 सितंबर को सिंगापुर से भिड़ेगी।

***************